# QUEST

(The Quarterly E-Newsletter of SABVGACC)

# Prime Minister College of Excellence Shri Atal Bihari Vajpayee Govt. Arts and Commerce College, Indore's News Letter




*Shri Atal Bihari Vajpayee Government Arts & Commerce College, Indore*

*Quarterly E-News Magazine (Apr to June, 2024)*

# प्राचार्य संदेश

**प्रिय विद्यार्थियों एवं साथियों,**



अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है कि 1 अप्रैल से 30 जून 2024 का ई न्यूजलेटर आपके समक्ष है। यह ई न्यूज लेटर QUEST महाविद्यालय की प्रगति का द्योतक है। हमारे महाविद्यालय के छात्र और प्राध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में नित्य नए कीर्तिमान बना रहे हैं।

हम शिक्षण और शिक्षणेतर गतिविधियों के माध्यम से छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केन्द्रित किये हुए हैं।

जुलाई से नए सत्र के शुभारंभ के साथ इस वर्ष वाणिज्य एवं कला संकाय के अतिरिक्त विज्ञान संकाय में भी छात्रों ने प्रवेश लिया है। पीएम एक्सीलेंस कॉलेज बनने के साथ ही इस महाविद्यालय को क्रिस्प द्वारा बी.कॉम में 1.Logistics 2.Retail Marketing Operations 3.Banking Financial services and Insurance तीन विषयों में 120 ,120 सीट्स प्राप्त हुई है । महाविद्यालय के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।

हमारा प्रयास रहेगा कि हम अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संस्था के नाम को कीर्ति के सर्वोच्च शिखर पर स्थापित करें। सौभाग्य से श्रेष्ठ करने हेतु सभी मानक हमारे पास विद्यमान है। हमारे प्राध्यापक पूरी लगन से न केवल शिक्षा अपितु शोधादि कार्य को भी तन्मयता से कर रहे हैं और शोधार्थियों को भी उचित मार्गदर्शन दे रहे हैं। खेल, एनसीसी. एनएसएस आदि के माध्यम से राष्ट्र निर्माण हेतु छात्र कृत संकल्प हैं।

ईन्यूज लेटर के सम्पादक मण्डल को मैं हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करता हूँ ।

**डॉ. प्रकाश गर्ग,**

**प्राचार्य**

# सम्पादक की कलम से...

**सम्माननीय सुधी पाठकवृन्द,**



डॉ. संगीता मेहता (प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, संस्कृत)

महाविद्यालय का त्रैमासिक ईन्यूजलेटर, Quest, प्रस्तुत करते हुए अत्यन्त हर्ष है। यह न्यूज लेटर महाविद्यालय के विद्यार्थियों की सृजनशीलता , उनकी गौरवमयी उपलब्धियों, महाविद्यालय में सम्पन्न अकादमिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, खेलकूद ,स्वास्थ्य, योग आदि विविध गतिविधियों का दर्पण है।

विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिए महाविद्यालय में आयोजित अनेक वेल्यू ऐडेड सर्टिफिकेट कोर्स, कार्यशालाओं और वेबीनार, एन.सी.सी., एन.एस.एस. की गतिविधियों, महिला सशक्तिकरण, योग, स्वास्थ्य और पर्यावरण विषयक अन्य विविध उल्लेखनीय कार्यों का यह दिग्दर्शक है।

ई न्यूज़लेटर के इस अंक में प्राध्यापकों की उपलब्धियाँ भी उल्लिखित हैं जिन्होंने अकादमिक, खेल एवं अन्यान्य गतिविधियों में महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। अंत में समाचार दीर्घा के स्मरणीय चित्र संयोजित हैं।

ई न्यूज़लेटर का उद्देश्य मात्र सूचना प्रदान करना नहीं है अपितु इसके प्रत्येक समाचार और विचार से सभी के मन में सकारात्मकता का संचार करना है साथ ही सभी अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नये उत्साह के साथ अग्रसर हों।

आशा है कि यह न्यूज़लेटर आपको महाविद्यालय से जुड़े रहने और प्रेरणा प्राप्त करने का एक सार्थक माध्यम सिद्ध होगा।

कुशल मार्गदर्शक प्राचार्य डॉक्टर प्रकाश गर्ग, समर्पित प्राध्यापकों, उत्साही छात्रों और हमारी संपूर्ण संपादकीय समिति का हृदय से आभार ....जिनके अथक परिश्रम और सफलता का शब्दाकंन हम इस न्यूज़लेटर में कर पाये हैं।

धन्यवाद।

प्राध्यापक संगीता मेहता
(संपादक, महाविद्यालयीन त्रैमासिक न्यूज़लेटर)

**प्रिय पाठकों,**



डॉ.आशा अग्रवाल
(प्राध्यापक,हिन्दी विभाग)

हमारे महाविद्यालय का नवीनतम तिमाही ई–न्यूजलेटर आपके समझ प्रस्तुत है। यह न्यूजलेटर महाविद्यालय की प्रगति विकास और विभिन्न गतिविधियों को दर्शाता है। अप्रेल से जून तक का समय हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और फलदायी रहा है, जिसमें हमने कई शैक्षणिक और अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियों का सफल आयोजन किया।

इस अवधि में हमारे विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और सराहनीय प्रदर्शन किया। इस समयावधि में कई अतिथि व्याख्यानों का भी आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने हमारे छात्रों को अन्तर्राष्ट्रीय आयामों के बारे में जानकारी दी। हमारे शिक्षक समुदाय ने प्रबंधन और अनुशासन के क्षेत्र में नए उपकरणों और प्रक्रियाओं को शामिल किया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अनेक सामाजिक सेवा कार्यक्रमों में भाग लिया और लोगों की मदद की।

इस तिमाही ई–न्यूजलेटर में आपको इन सभी गतिविधियों के साथ–साथ कुछ नई पाठ्य जानकारी और महाविद्यालय की विचारधारा का परिचय भी मिलेगा। आशा है कि यह पत्रिका आपको पसंद आएगी और आपके सुझाव हमारे लिए मार्गदर्शक बनेंगे।

धन्यवाद के साथ

डॉ. आशा अग्रवाल

(संपादक, महाविद्यालयीन त्रैमासिक न्यूज़लेटर)

# Awards and Achievements of the Faculty

## डॉ. संगीता मेहता :




बाहुबली प्राकृत विद्यापीठ, श्रवणबेलगोला (कर्नाटक) से संबद्ध कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ, प्राकृत प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र, इन्दौर से डॉ. संगीता मेहता ने 'प्राकृत रत्न' की परीक्षा उत्तीर्ण करके प्रावीण्य सूची में पंचम स्थान प्राप्त किया।

14 अप्रैल 2024 को बाहुबली प्राकृत विद्यापीठ, श्रवणबेलगोला (कर्नाटक) में आयोजित 18 वें प्राकृत दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया।

# डॉ. ममता चन्द्रशेखर :

## विमोचन



राजनीति विभाग की डॉ. ममता चन्द्रशेखर द्वारा रचित कविता संग्रह ''चाहत की स्याही'' का विमोचन फिल्म जगत के सुप्रसिद्ध श्री रणजीत सिंह द्वारा किया गया।

# डॉ. सुनीता मालवीय :

पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप सम्बन्धित यूथ अफैयर ऑफ स्पोर्टस गवर्मेन्ट ऑफ एम.पी. ओलम्पिक एसोसिएशन अफेलेटेड टू पॉवर लिफ्टिंग इन्डिया द्वारा 7 व 8 जून 2024 को आयोजित किया गया। इटारसी में आयोजित हुई इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के प्रतिभागी के रूप में मास्टर्स $4^{th}$ 57 से 63 आयु वर्ग में 'डॉ. सुनीता मालवीय' (प्राध्यापक इतिहास विभाग) को प्रथम स्थान प्राप्त कर ने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।



# Academic Events

## Value Added Certificate Course

### "Soil Testing and Water Analysis"




A Value-Added Certificate Course on "Soil Testing and Water Analysis" has been launched by the Department of Geography at Shri Atal Bihari Vajpayee, Government Arts and Commerce College, Indore. The course is being offered to the postgraduate students of the college under the aegis of IQAC. The course commenced on April 4, 2024, in the Kalam Hall of the college. Principal Dr. Prakash Garg gave his best wishes to everyone present at the inaugural session of the course and mentioned that the course would help not only with agriculture but also with the establishment of industries in the concerned region.

It would undoubtedly provide the students with new avenues for learning and Career Chances in the indicated subject. Dr. Usha Jain, the NAAC Coordinator, expressed that the college badly needed to provide these kinds of Educational opportunities for the advancement of the students' overall growth. Dr. Namita Katju, an IQAC member, also extended her greetings and stated that the Postgraduate students at the college will surely gain new knowledge and develop their skills through this course. Course Coordinator Dr. Venu Trivedi, Professor and Head, Department of Geography, welcomed everyone and provided insight into the interpretation, purpose, significance and the need of the value added courses under the new education policy. It's an activity that goes beyond what post-graduate students are taught in the classroom.

Water and soil are the two natural resources and elements of the environment. We urgently need to analyze these valuable components because only 0.269% of the water is available as fresh water to us on our planet Earth. The amount of agricultural land is decreasing daily due to unchecked urbanization, rapid population growth, and so-called development. Thus, it is important that their quality be checked timely for the conservation. According to Dr. Trivedi, this course will not only develop the skills but it will also be helpful in increasing the possibilities and potentialities of the employment.

Note that the aforementioned value-added course is of 30 hours duration in accordance with UGC and NAAC guidelines. For that reason, this course is especially created to last for 15 days, with the duration of two hours on each day. The theoretical and experimental work is going on under the guidance of the faculty members of Geography along with expertise in the related fields. The inaugural session was conducted by Dr. Pragati Bhoakardankar professor of Geography department and vote of thanks extended by Mrs. Leena Bele assistant professor of geography department.



# एक्यूप्रेशर कार्यशाला


श्री अटल बिहारी वाजपेयी शा. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर के योग विभाग द्वारा 15 दिवसीय एक्यूप्रेशर कार्यशाला का आयोजन किया। 1.05.2024 से 15.05.2024 तक आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अमर वतनानी उपस्थित हुए। उद्घाटन अवसर पर आई.क्यू.ए.सी. सेल के मार्गदर्शक डॉ. आदित्य लुणावत, नोडल अधिकारी डॉ. डी.के. गुप्ता एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश पाण्डेय, डॉ. संजय राणे, आदि उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन डॉ. हरीश मिमरोट तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. जितेन्द्र खिलावदिया ने किया।






# प्रशिक्षण

महाविद्यालय में GLOBUS कंपनी द्वारा एम.बी.ए. भवन के कक्षों में स्थापित INTERACTIVE SMART BOARD के विषय में जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 20 मई को आयोजित हुए इस कार्यक्रम में बडी संख्या में प्राध्यापक व अतिथि विद्वानों ने हिस्सा लिया।






# Workshop

# कार्यशाला



कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग द्वारा रविन्द्र भवन, भोपाल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। 10 जून को आयोजित हुई इस कार्यशाला में श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर के प्राध्यपक डॉ. संगीता मेहता, डॉ. संध्या भार्गव, डॉ. सत्यप्रकाश पांडे एवं डॉ. ज्ञानेश्वर तीखे ने अध्यक्ष केन्द्रीय अध्ययन मण्डल, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल एवं अध्यक्ष अध्ययन परिषद् के रूप में सहभागिता की।

# फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम




यू.जी.सी. एम.एम.टी.टी.सी, न्यू दिल्ली (UGC-MMTTC NIEPA,New Delhi) द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर आयोजित ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (MM-TTP) में पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी के रूप में डॉ. संगीता मेहता ने दिनांक 24 जून से 29 जून तक 6 दिवसीय प्रशिक्षण लेकर सफलता अर्जित की।

# पौधारोपण

महाविद्यालय परिसर में रोपे पौधे श्री अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग की अध्यक्षता में 30 पौधों का पौधारोपण किया गया। 6 जून को होने वाले इस कार्यक्रम में नवीन विजय सामाजिक सेवा एन.जी.ओ. का सहयोग रहा।






# वेबीनार

## संस्कृत विभाग द्वारा वेबीनार आयोजित

### भारतीय ज्ञान परंपरा के सुमेरु से ही हुआ संसार में ज्ञानोदय



श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आइ क्यू ए सी के अंतर्गत संस्कृत विभाग द्वारा महाविद्यालय में दिनांक 29 मई 2024 को **'भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध संदर्भ'** राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इसमें पूरे देश के लगभग 300 विद्वानों ,प्रोफेसरों / शोधार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर सुरेश चतुर्वेदी द्वारा स्वस्तिवाचन एवं सरस्वती वंदना से किया गया।

सर्वप्रथम प्राचार्य डॉक्टर प्रकाश गर्ग ने स्वागत उद्‌बोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के पुरोधा ऋषियों महर्षियों ने अपनी त्रिकालज्ञता के बल पर ज्ञान विज्ञान की विविध धाराओं से संसार को परिचित कराया था, इसका प्रमाण हमें वैदिक साहित्य में मिलता है ।

विषय प्रवर्तन करते हुए संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉक्टर संगीता मेहता ने बताया कि ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म के सभी क्षेत्रों में प्रकाश की किरण सर्वप्रथम भारत के आकाश में ही प्रस्फुटित हुई थी।उस ज्ञान को मनीषियों ने संस्कृत, प्राकृत आदि भाषाओं में लिपिबद्ध कर धरोहर के रूप में वेद, आगम ,पुराण आदि वाङ्मय और इतिहास के रूप में चिर संचित कर दिया।भारतीयों की जीवन शैली आज बदल गई है यदि हम अपने जीवन में इस ज्ञान परंपरा को उतार लें तो आज भी सभी समस्याओं का निदान हो सकता है।

कार्यक्रम की मुख्य संरक्षक डॉक्टर सुधा सिलावट जी एवं मुख्य मार्गदर्शन के रूप में उपस्थित शासकीय स्वशासी होलकर विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेश सिलावट जी ने आभासीय पटल पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरव प्रदान किया।

"भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान "विषय पर संबोधित करते हुए विषय विशेषज्ञ डॉक्टर नलिन के. शास्त्री (पूर्व कुल सचिव, भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ) ने बताया कि विज्ञान की हर शाखा भारतीय ज्ञान परंपरा

की ऋणी है। जो भी आज तक विज्ञान के ृरूप में परिलक्षित हो रहा है वह भारतीय ज्ञान परंपरा के सूत्रों से ही अनुप्राणित है।

"भारतीय ज्ञान परंपरा की आधुनिक संदर्भ में उपयोगिता" विषय पर द्वितीय विषय विशेषज्ञ काशी हिंदू विश्वविद्यालय के व्याकरण विभागाध्यक्ष डॉ. रमाकांत पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में वेद, वेदांग ,उपनिषद आदि के संदर्भ देकर प्राचीन ज्ञान की समसामयिकता को उद्घाटित किया। डॉ वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने "अरुणाचल प्रदेश की संस्कृति एवं अ–भौतिक पर्यावरण" विषय पर व्याख्यान दिया।

बेबीनार में डॉ वेणु त्रिवेदी, डॉ सुषमा व्यास,और डॉ.ज्योति शर्मा आदिअनेक विद्वान् प्राध्यापकों ने अपने शोधालेख प्रस्तुत किये।

मंच संचालन डॉक्टर सुरेश चतुर्वेदी ने किया।डॉक्टर कविता अग्रवाल ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया ।










'भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध संदर्भ' विषयक वेबीनार के शोधालेखों का जी.ए.सी.सी. जर्नल में प्रकाशन किया गया। इसका सफल सम्पादन प्रध्यापक संगीता मेहता (विभागाध्यक्ष, संस्कृत) ने किया ।

# 7R of Circular Economy

## वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना 7R



7R अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। 7R ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के साथ पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह बात भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वेणु त्रिवेदी ने कही। वे श्री अटल बिहारी वाजपेयी शा. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा आयोजित वेबीनार में बोल रही थी। 22 जून को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. डी.के. गुप्ता के मार्गदर्शन में 7 आर आफ सर्कुलर विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में विषय विशेषज्ञ डॉ. वेणु त्रिवेदी ने कहा कि रीसाइकिल, रीयूज, रि–मैन्युफैक्चरिंग, रिपेयर, रि–थिंक, रि–गिफ्ट, रि–फ्यूज इन 7 आर को हम अपने दैनिक जीवन का अंग बनाना चाहिए। इस उपभोक्तावादी संस्कृति के दौर में चीजों का कम से कम उपयोग करना चाहिए। इस मौके पर डॉ. डी.के. गुप्ता ने इस प्रकार के कार्यो के लिए विद्याथियों को शुभकामना दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमर वतनानी, डॉ. किरण गुप्ता, डॉ. नमिता काटजू, डॉ. त्रिपद कौर चावला, डॉ. दीप्ति अग्रवाल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में 9 एमपी बटालियन के एन.सी.सी. कैडेट्स के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी बडी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. भगवत राय ने किया।



# योग दिवस

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में दसवां अन्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रातः 6 बजे से शासन की पल प्रतिफल समय सारिणी एवं निर्देशों का पालन करते हुए आयुष मंत्रालय भारत सरकार के कामन योग, प्रोटोकॉल के तहत हुआ।

योग दिवस के कार्यक्रम की थीम ''स्वयं और समाज के लिए योग'' थी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमर वतनानी, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. डी.के. गुप्ता, आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. वेणु त्रिवेदी, डॉ. अजय काले, डॉ. संगीता मेहता, डॉ. नमिता काटजू, डॉ. महेन्द्र मिश्रा, डॉ. सुदीप छाबडा, डॉ. शांता चौहान, डॉ. दीप्ति अग्रवाल, डॉ. ज्ञानेश्वर तीखे, डॉ. योगेश शेल्के, डॉ. पदमा पटेल, ओमप्रकाश सदाफले के साथ ही महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ और महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि योग जितना स्वयं के लिए आवश्यक है, उतना ही समाज के लिए भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशुतोष सोनी और प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास डॉ. जितेन्द्र खिलावदिया ने करवाया एवं आभार डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने माना।



# मतदाता जागरूकता रैली

श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में मतदान अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के संयुक्त तत्त्वाधान में आयोजित हुए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग द्वारा स्वंयसेवकों को प्रेरित किया गया। उन्होंने सशक्त राष्ट्र निर्माण में मतदाता के रूप में अपनी सशक्त भूमिका का निर्वहन करने हेतु आव्हान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अरूण कुमार आर्य, डॉ. ज्ञानेश्वर तिखे, डॉ. शांता चौहान, आदि उपस्थित हुए।






# N.S.S. Activity
# राष्ट्रीय सेवा योजना

## मतदाता जागरूकता

युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 20 अप्रैल को आयोजित हुए इस कार्यक्रम में महाविद्यालय इंदौर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और निर्वाचन साक्षरता क्लब की ओर से पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अरूण कुमार आर्य, डॉ. ज्ञानेश्वर तिखे, मतदाता साक्षरता क्लब के कैंपस एम्बेसेडर स्वंयसेवक प्रेमलाल धारवे, अंजली मीणा, डॉ. आर.बी. गुप्ता, डॉ. अजय काले, डॉ. छाया वाघोलिकर, डॉ. प्रगति भोकरदनकर आदि उपस्थित थे। इस मौके पर वरिष्ठ प्राथ्यापक डॉ. अमर वतनानी ने विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई।



# N.C.C. Activity

# एन.सी.सी. गतिविधियाँ


## महिला सशक्तिकरण

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग की अध्यक्षता में 15 मई को नई रोशनी महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के राजनीति विभाग की प्राध्यापक डॉ. संध्या गोयल एवं डॉ. पिंकी सक्सेना ने महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई 9 एम. पी. एवं 2 एम.पी. बटालियन के कैडेट उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एन.सी.सी. ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. भगवत राय ने किया।



# थैलिसीमिया जागरूकता

महाविद्यालय में थैलिसीमिया जागरूकता श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग की अध्यक्षता में थैलिसीमिया जागरूकता अभियान आयोजित हुआ। 4 जून को हुए इस कार्यक्रम में एन.सी.सी. कैडेट्स ने थैलिसीमिया रोग के कारण, रोग से बचाव सहित अन्य जानकारी दी। कार्यक्रम में बडी संख्या में एन.सी.सी. कैडेट्स एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान लेफ्टिनेंट डॉ. भगवत राय ने बताया कि समाज में इस रोग के प्रति जागरूकता हो। यह इस बीमारी से बचने का सबसे बडा उपाय है। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के व एम.पी. बटालियन एन.सी.सी. ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. भगवत राय द्वारा किया गया।




Shri Atal Bihari Vajpayee,
Govt. Arts & Commerce College
09 MP BN NCC INDORE
श्री अटल बिहारी वाजपेयी
थैलेसीमिया जागरूकता
अभियान
GPS Map Camera
Indore, Madhya Pradesh, India
MVVC+CH3, Davv Takshila Parisar, Indore, Madhya Pradesh 452001, India
Lat 22.693536°
Long 75.871956°
04/06/24 12:18 PM GMT +05:30
Google


Shri Atal Bihari Vajpayee,
Govt. Arts & Commerce College
श्री अटल बिहारी वाजपेयी
Govt. Holkar (Model Autonomous)
Science College, Indore
NCC
GPS Map Camera
Indore, Madhya Pradesh, India
MVVC+CH3, Davv Takshila Parisar, Indore, Madhya Pradesh 452001, India
Lat 22.693573°
Long 75.871975°
04/06/24 12:37 PM GMT +05:30
Google

# वृक्षारोपण

## वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प

5 जून को विश्व पर्यावरण के अवसर पर महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में 9 एमपी बटालियन के एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा वृक्ष लगाने के साथ उनके पालन पोषण करने का भी संकल्प लिया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यानमाला का आयोजन भी किया गया। जिसमें भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वेणु त्रिवेदी ने जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, मृदा प्रदूषण पर अपनी बात रखी साथ ही एन.सी.सी. कैडेट्स को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ. भगवत राय ने किया।






# पृथ्वी दिवस

## प्लास्टिक मुक्त हो हमारी पृथ्वी



विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर व्याख्यानमाला का आयोजन श्री अटल बिहारी वाजपेयी शा. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में किया गया। 22 अप्रैल को आयोजित हुए इस कार्यक्रम में भूगोल विभाग की प्राध्यापक डॉ. वेणु त्रिवेदी ने अपने व्याख्यान में पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर के संयुक्त तत्त्वावधान में 9 एम.पी. बटालियन की एन.सी.सी. इकाई द्वारा किया गया।



## मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार

श्री अटल बिहारी वाजपेयी शा. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। 19 अप्रैल को आयोजित हुए इस कार्यक्रम में डॉ. रीता शर्मा ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी।

# Student's Achievement

## प्राकृत डिप्लोमा

बाहुबली प्राकृत विद्यापीठ श्रावणबेलगोला से संबइ कुन्द ज्ञान पीठ, प्राकृत प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र इंदौर से डॉ. संगीता मेहता के निर्देशन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्राकृत प्रवेश पाठ्यक्रम तथा प्राकृत डिप्लोमा की परीक्षा उत्तीर्ण करके प्रावीण्य सूची में अपना विशेष स्थान बनाया। 14 अप्रैल को 18 वें प्राकृत दीक्षांत समारोह में सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया ।




**विशेष योग्यता–** डॉ. सुरेश चतुर्वेदी, अतिथि विद्वान, संस्कृत

**रजत पदक–** दीपक अहिरवार, एम.ए. हिन्दी साहित्य

**कांस्य पदक–** रवि शिंदे, एम.ए. संस्कृत

**चतुर्थ स्थान–** जगदीश मुवेल, एम.ए. हिन्दी साहित्य

**विशेष योग्यता–** उमर सिंह तोमर, शोध छात्र, पी.एच.डी., संस्कृत

**विशेष योग्यता–**

स्नेहा कुमावत– एम.ए. संस्कृत

सलोनी बग्गड– एम.ए. संस्कृत

# चयन

- इतिहास विभाग के गौरवशाली विद्यार्थी नान सिंह का चयन मध्य प्रदेश पुलिस सेवा के लिए हुआ।





- इतिहास विभाग के विद्यार्थी पवन कुमार कुशवाहा का सहायक विकास विस्तार अधिकारी के लिए चयन।



- एम.ए. अंतिम वर्ष के विद्यार्थी सचिन जैन का सहायक शोध अधिकारी सांख्यिकी के लिए चयन ।

# Sports Section

# खेलकूद

अमित गिरी बीकॉम द्वितीय वर्ष का छात्र है जो मिनी गोल्फ पुरूष अंतर विश्वविद्यालय अखिल भारतीय प्रतियोगिता झुंझुनू राजस्थान में आयोजित हुई थी जिसमें स्वर्ण पदक विजेता टीम का सदस्य रहा है।






# News Gallery

## संघर्ष करें सशक्त बने




चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.page

महिलाएं शैक्षणिक रूप से मजबूत बने और समाज में संघर्ष कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। महिलाओं को ऐसे ही प्रेरित करने वाले विचार प्रोफेसर संध्या गोयल ने महिला शक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत कही। श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में नई रोशनी महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर प्रकाश गर्ग के मार्गदर्शन में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर डॉक्टर संध्या गोयल एवं डॉक्टर पिंकी सक्सेना ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में उपस्थित महिला एनसीसी कैडेट्स से प्रोफेसर गोयल ने कहा कि आप अपने परिवार में, समाज में महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करें एवं उनका सहयोग करें, संघर्ष करें सशक्त बने। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी इकाई 9 एमपी एवं 2 एमपी बटालियन के कैडेट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट भगवत राय ने किया।



## पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.page

श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग के मार्गदर्शन में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर एनसीसी कैडिटो द्वारा पौधा लगाने के साथ भी उनका पालन पोषण करने एवं इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर महाविद्यालय के भूगोल विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वेणु त्रिवेदी ने अपने व्याख्यान के माध्यम से एनसीसी कैडिटो को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। डॉ. वेणु त्रिवेदी ने पर्यावरण प्रदूषण, खासकर जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, पॉलिथीन प्रदूषण, मृदा प्रदूषण के कारण एवं उनके बचाव पर अपनी बात रखी। इसके साथ ही एनसीसी कैडेटों को जल संरक्षण के लिए जागरूक किय और बताया कि हम अपने घर में एवं कार्य क्षेत्र में कैसे जल को संरक्षण कर सकते हैं इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर ज्ञानेश्वर तीखे एवं 9 एमपी बटालियन के एनसीसी कैडेट एनएसएस के स्वयंसेवक, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ भगवत राय द्वारा किया गया।

# एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



इंदौर . 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर द्वारा संचालित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में 2 से 11 मई तक संचालित किया जा रहा है . इस शिविर में इंदौर ,धार, मंडलेश्वर, से 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के 628 कैडेट्स भाग ले रहे हैं . 9 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी तथा कैम्प कमांडेंट कर्नल मोहन तिवारी द्वारा कैडेट्स को कैम्प के ओपचारिक उद्घाटन में कैडेट्स को संबोधित करते हुए कैडेट्स को अनुशासन चरित्र ,भाईचारा ,साहस की भावना और निस्वार्थ भाव से सेवा करने तथा कैडेट्स में नेतृत्व के गुणों का विकास किस प्रकार किया जाए, इसे विस्तार से समझाया . उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर,थल सैनिक शिविर ,ट्रैकिंग शिविर, साहसिक गतिविधि शिविर पर भी कैडेट्स से विस्तार से चर्चा की ।जिससे कैडेट्स में आगामी शिविरों को लेकर काफी उत्साह नजर आया . शिविर के दौरान कैडेट्स को प्वाइंट टू टू 22 राइफल से फायरिंग करवाई जायेगी ।इसके साथ ही मैप रीडिंग, बैटल क्राफ्ट और फील्ड क्राफ्ट तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों का प्रशिक्षण इस शिविर में कैडेट्स को दिया जायेगा . इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का मुख्य रूप से एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट कपिल पटेल, फर्स्ट ऑफिसर दामोदर मुकाती, शालिनी दुबे, मुरलीधर खोड़े सेकंड ऑफिसर संदीप देशपांडे, सुजाता मालवीय तथा 9 एमपी बटालियन एन सी सी इंदौर के सूबेदार मेजर बृजेश कुमार, ट्रेनिंग जे सी ओ सूबेदार साज़ी एस कैडेट्स को प्रशिक्षित करेंगे .

# 7आर को हम अपने दैनिक जीवन का अंग बनाए...

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.page

श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में शनिवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. डीके गुप्ता के मार्गदर्शन में 7आर आफ सर्कुलर इकोनामी विषय पर वेबीनार आयोजित हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भूगोल विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वेणु त्रिवेदी ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। विषय विशेषज्ञ के रूप में मैडम ने बताया की 7आर अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। 7आर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के साथ पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रीसाइकिल, रीयूज, रिमैन्युफैक्चरिंग, रिपेयर, रि-थिंक, रि-गिफ्ट, रिफ्यूज इन 7आर को हम अपने दैनिक जीवन का अंग बनाएंएवंइस उपभोक्तावादी संस्कृति के दौर में हमचीजों का कम सेकम उपयोग करें। इस सेवन आर से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम होगा, बल्कि सतत् विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति में भी सहायक होगा। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. डीके गुप्ता ने इस प्रकार के कार्यों के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमर वतनानी, डॉ. किरण गुप्ता, डॉ. नमिता काटजू, डॉ. चावला, डॉ. दीप्ति अग्रवाल, संस्कृत विभाग के प्राध्यापक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में 9 एमपी बटालियन के एनसीसी कैडेट्स के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. भगवत राय ने किया।

# वाणिज्य महाविद्यालय में थैलेसीमिया जागरूकता पर व्याख्यान



चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.page

**श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में 20 अप्रैल को थैलेसीमिया जागरूकता अभियान के अंतर्गत डॉ. रीता शर्मा का व्याख्यान संपन्न हुआ।**

इस कार्यक्रम का आयोजन श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर एवं शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में 9 एमपी बटालियन के एनसीसी इकाई के द्वारा किया गया। डॉ. रीता शर्मा द्वारा थैलेसीमिया जागरूकता के लिए एनसीसी कैडेटों को बताया कि थैलेसीमिया रोग के क्या कारण है, इस रोग के लक्षण कैसे प्रकट होते हैं और भविष्य में इस प्रकार के रोगों से कैसे बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह एक अनुवांशिक बीमारी है। समय-समय पर हेल्थ चेकअप एवं बीमारी का पता चलने पर इस रोग के विशेषज्ञों की सलाह महत्वपूर्ण होती है। मुख्यतः विवाह के समय एवं संतान उत्पत्ति के समय आवश्यक सावधानी रखकर हेल्थ चेकअप कराकर इस बीमारी से बचा जा सकता है। समाज में इस रोग के प्रति जागरूकता ही इस बीमारी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने एनसीसी कैडेटों से कहा कि थैलेसीमिया के रोगी के लिए रक्त की बहुत आवश्यकता होती है समय-समय पर, आप रक्तदान करें और समाज के अन्य लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करें थैलेसीमिया रोगियों के प्रति सहानुभूति रखें। इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के 9 एमपी बटालियन एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. भगवत राय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।

# 7आर आफ सर्कुलर इकोनामी विषय पर वेबीनार आयोजित हुआ

**इंदौर।** श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में दिनांक 22 जून 2024 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रकाश गर्ग, प्रशासनिक अधिकारी डॉ डीके गुप्ता सर के मार्गदर्शन में 7आर आफ सर्कुलर इकोनामी विषय पर वेबीनार आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भूगोल विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ वेणु त्रिवेदी ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। विषय विशेषज्ञ के रूप में मैडम ने बताया की 7ऋअर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। 7 ऋने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के साथ पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।रीसाइकिल, रीयूज, रि-मैन्युफैक्चरिंग, रिपेयर,रि -थिंक, रि गिफ्ट,रि-फ्यूज इन 7 आर को हम अपने दैनिक जीवन का अंग बनाएं एवं इस उपभोक्तावादी संस्कृति के दौर में हम चीजों का कम से कम उपयोग करें। इस सेवन आर से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम होगा बल्कि सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति में भी सहायक होगा।प्रशासनिक अधिकारी डॉ डीके गुप्ता ने इस प्रकार के कार्यों के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अमर वतनानी, डॉ किरण गुप्ता डॉ नमिता काटजू ,डॉ चावला, डॉ दीप्ति अग्रवाल, संस्कृत विभाग के प्राध्यापक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में 9 एमपी बटालियन के एनसीसी कैडेट्स के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ भगवत राय ने किया।

समयगति



# पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प

**इंदौर।** श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ प्रकाश गर्गके मार्गदर्शन में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ इस मौके पर एनसीसी कैडिटो द्वारा पौधा लगाने के साथ भी उनका पालन पोषण करने एवं इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर महाविद्यालय के भूगोल विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ वेणु त्रिवेदी ने अपने व्याख्यान के माध्यम से एनसीसी कैडिटो को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया । डॉ वेणु त्रिवेदी ने पर्यावरण प्रदूषण ,खासकर जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, पॉलिथीन प्रदूषण, मृदा प्रदूषण के कारण एवं उनके बचाव पर अपनी बात रखी। इसके साथ ही एनसीसी कैडेटों को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया और बताया कि हम अपने घर में एवं कार्य क्षेत्र में कैसे जल को संरक्षण कर सकते हैं इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर ज्ञानेश्वर तीखे एवं 9 एमपी बटालियन के एनसीसी कैडेट एनएसएस के स्वयंसेवक, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ भगवत राय द्वारा किया गया।

प्रभातकिरण

4 | इंदौर, गुरुवार 16 मई 2024

# 'नई रोशनी' में महिलाओं की तरक्की पर बात




इंदौर। अटल विहारी वाजपेयी शासकीय कला और वाणिज्य महाविद्यालय में नई रोशनी महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम रखा गया। प्राचार्य प्रकाश गर्ग की अगुवाई में महिलाओं की मजबूती और तरक्की पर बात की गई। एनसीसी यूनिट के कैडेट भी शामिल हुए। प्रो. संध्या गोयल, डॉ. पिंकी सक्सेना ने महिलाओं की बेहतरी पर बात की। संचालन एनसीसी आफिसर लेफ्टिनेंट भगवत राय ने किया।

# संघर्ष करें सशक्त बने



**इंदौर।** महिलाएं शैक्षणिक रूप से मजबूत बने और समाज में संघर्ष कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। महिलाओं को ऐसे ही प्रेरित करने वाले विचार प्रोफेसर संध्या गोयल ने महिला शक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत कही। श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में नई रोशनी महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर प्रकाश गर्ग के मार्गदर्शन में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर डॉक्टर संध्या गोयल एवं डॉक्टर पिंकी सक्सेना ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में उपस्थित महिला एनसीसी कैडेट्स से प्रोफेसर गोयल ने कहा कि आप अपने परिवार में, समाज में महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करें एवं उनका सहयोग करें। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी इकाई 9 एमपी एवं 2 एमपी बटालियन के कैडेट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट भगवत राय ने किया।

Newsletter Compiled By: Dr. Sangeeta Mehta

Dr. Asha Agrawal

Vandana Joshi (Guest Faculty)

Dr. Vandana Tiwari (Guest Faculty)

Technical Support By: Radha Yadav